an>

title: Need to open a central school in Hamirpur district in Uttar Pradesh.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण विषय आपके सामने रखना चाहता हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र में आता है। मैं बहुत लंबे समय से हमीरपुर जनपद में एक सैंट्रल स्कूल की मांग कर रहा था। मेरी वह मांग तो पूरी हो नहीं पाई, बल्कि जो महोबा जनपद में केन्द्रीय विद्यालय था, जो किराये की बिल्डिंग में चल रहा था, वहाँ के 38 विद्यार्थियों ने, जिन्होंने क्लास 10 पास कर ली है, भवन उपलब्ध न होने के कारण, केन्द्रीय विद्यालय महोबा में 11वीं क्लास में उनका एडमिशन नहीं हुआ है। मैं लगातार दो महीने से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों से तथा लोकल स्तर पर पत्राचार कर रहा हूँ। काफी बात करने के बाद भी अभी तक वे 38 बच्चे वहाँ बिना एडमिशन के परेशान हैं।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि वहाँ पर शीघ्रातिशीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और उन 38 बच्चों को 11वीं कक्षा में एडमिशन दिया जाए। वे बच्चे मेरे पास बार-बार फोन करते हैं कि पहली बार ऐसा होगा कि जब से उन्होंने स्कूल में एडमिशन लिया है, 15 अगस्त को, स्वतंत्रता दिवस पर उनका किसी भी विद्यालय में प्रवेश नहीं है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री शरद त्रिपाठी को कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।